# DR. HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA

## HINDI CLUB



## Dr. Harisingh Gour Vishwavidyalaya, Sagar (M.P.) (A Central University)

**1:31:(16):** **With the permission of the Chair, Prof. H. Thomas, Director, Research and Development (DoRD) presented the following policy documents for consideration by APC:-**

1. Policy on Internal Complaints Committee.
2. Policy on Environment and Sustainable Development.
3. Policy on Academic Audit.
4. Policy on Advance Learners and Slow Learners.
5. Innovations & Start-Up Policy (GISP)
6. University IT Policy.
7. Policy for Maintaining and Utilization Physical, Academic and Support Facilities.
8. Library Policy.
9. Scholarship Policy.
10. HR Policy.
11. E-Governance Policy.
12. Group Health Insurance Policy.
13. In-Campus House/Flat Allotment Policy.
14. TA & DA Policy.
15. Non-Teaching Staff Appraisal Policy.
16. Finance Policy.
17. Code of Conduct and Ethics Policy.
18. NCC Policy.
19. NSS Policy.
20. Health Care Facilities and Sanitation Policy.
21. Outreach Program Policy.
22. Student Cultural Policy.
23. Water Conservation Policy.
24. NEP-2020 Implementation Policy.
25. Sports Policy.
26. Anti Ragging Policy.
27. Rajbhasha Policy.
28. Credit Bank Transfer Policy.
29. Examination Policy.
30. Training and Placement Policy.

**Resolution:- The APC after due deliberations resolved to approve the aforesaid policies.**

**(Action:DoAA, DoRD, CoE, FO, All the Deans of Schools & HoDs)**

**The Meeting ended with vote of thanks to the Chair.**

Satish Kumar
**Deputy Registrar**
**Academic Affairs &**
**Secretary, APC**

संचालक (अनु. एवं विकास)
Director (R & D)
डॉ.हरीसिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, सागर
Dr.H.S.Gour Central University,Sagar

# डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

# हिन्दी क्लब

(Hindi Club)

-: राजभाषा प्रकोष्ठ :-

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)

संचालक (अनु. एवं विकास)
Director (R & D)
हरीसिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, सागर
H.S.Gour Central University,Sagar

# डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

# हिन्दी क्लब

## (Hindi Club)

-: राजभाषा प्रकोष्ठ :-

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)

# राजभाषा प्रकोष्ठ
## HINDI CELL
## डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
## DOCTOR HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR (M.P.)
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय A CENTRAL UNIVERSITY)

ई-मेल : hindicell2015@gmail.com
दूरभाष क्र. : (07582) 297118


क्रमांकः/रा.भा./2023/33/1533 — 04 मई, 2023

## कार्यालय आदेश
### विषय : 'हिन्दी क्लब' का गठन

माननीया कुलपति महोदया की अध्यक्षता में दिनांक 16 मार्च, 2023 को आयोजित विश्वविद्यालयीन राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक में पारित संकल्प के परिपालन में विश्वविद्यालय परिवार के प्रत्येक सदस्य का विभिन्न भारतीय भाषाओं एवं संस्कृतियों विशेषकर हिन्दी भाषा से जुड़ाव बनाए रखने तथा हिन्दी के प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से विश्वविद्यालय में **'हिन्दी क्लब'** का गठन किया जाता है।

'हिन्दी क्लब' की गतिविधियों के सुचारू संचालन हेतु निम्नांकित समितियाँ गठित की गई हैं :–

**परामर्श मण्डल**

**अध्यक्षा :** प्रो. नीलिमा गुप्ता, माननीया कुलपति महोदया (पदेन)

**सदस्यगण :**
1. प्रो. अम्बिकादत्त शर्मा, अधिष्ठाता, छात्र गतिविधियाँ (पदेन)
2. प्रो. नवीन कानगो, निदेशक, अकादमिक गतिविधियाँ (पदेन)
3. डॉ. रंजन कुमार प्रधान, कुलसचिव (पदेन)

**संयोजक :** डॉ. राकेश सोनी, समन्वयक, सांस्कृतिक परिषद (पदेन)

**'हिन्दी क्लब' कार्यकारी समिति**

**अध्यक्ष :** प्रो. आनंदप्रकाश त्रिपाठी, अध्यक्ष, हिन्दी विभाग (पदेन)

**सदस्यगण :**
1. श्री संतोष सोहगौरा (प्रभारी हिन्दी अधिकारी) पदेन
2. डॉ. अवधेश तोमर (संगीत विभाग)
3. डॉ. आफरीन खान (राजनीति विज्ञान विभाग)
4. डॉ. नीरज उपाध्याय (रसायन विभाग)
5. डॉ. अभिषेक जैन (स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग)
6. छात्र परिषद प्रतिनिधि – स्नातक एवं स्नातकोत्तर (दो सदस्य) (अधिष्ठाता, छात्र गतिविधियाँ द्वारा नामित)
7. श्री अभिषेक सक्सेना (राजभाषा प्रकोष्ठ)

**सदस्य–सचिव :** डॉ. राकेश सोनी, समन्वयक, सांस्कृतिक परिषद (पदेन)

आदेशानुसार

03/05/2023

कुलसचिव

**प्रतिलिपि :**
1. सर्व संबंधितगण।
2. समस्त निदेशक/अधिष्ठाता (प्रशासनिक एवं अध्ययनशालाएँ)।
3. समस्त विभागाध्यक्ष।
4. प्रभारी, वित्ताधिकारी/परीक्षा नियंत्रक/पुस्तकालयाध्यक्ष/कुलानुशासक।
5. चेयरमेन कौंसिल ऑफ वार्ड्स।
6. चीफ वार्ड्स।
7. समस्त संयुक्त कुलसचिव, उपकुलसचिव, सहायक कुलसचिव, अधिकारीगण/शाखा प्रभारी।
8. प्रभारी, सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ – विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ।
9. मीडिया अधिकारी।
10. कुलपति सचिवालय, माननीया कुलपति महोदया को सादर, सूचनार्थ।
11. माननीय कुलसचिव जी के निजी सहायक।

हिन्दी अधिकारी (प्र.)

# अवधारणा पत्र (A Concept Note)

## हिन्दी क्लब
### डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)

**प्रस्तावना :**

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा लागू 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति– 2020' में मातृभाषा में शिक्षण तथा भारतीय भाषाओं के विकास को पर्याप्त बल दिया गया है। इसी अनुक्रम में समस्त केन्द्रीय विश्वविद्यालयों सहित विभिन्न उच्चतर शिक्षा संस्थानों में प्रवेश भी अखिल भारतीय स्तर आयोजित एकीकृत प्रवेश परीक्षा में माध्यम से दिया जाने लगा है। परिणामतः हमारे विश्वविद्यालय में हिन्दीतर भाषी विद्यार्थियों की संख्या में भी अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। ऐसे में आवश्यक हो जाता है कि हम विद्यार्थियों के लिए हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषाओं से संपुष्ट अकादमिक वातावरण उपलब्ध कराएँ। 'हिन्दी क्लब' इसी संकल्पना को मूर्तरूप देने का प्रयास है।

**उद्देश्य :**

भावी पीढ़ी का विभिन्न भारतीय भाषाओं एवं संस्कृतियों विशेषकर हिन्दी भाषा से जुड़ाव बनाए रखने तथा हिन्दी के प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से अधिष्ठाता, छात्र गतिविधियाँ की देखरेख में विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं, संकाय सदस्यों एवं अन्य कार्मिकों के लिए विश्वविद्यालय में 'हिन्दी क्लब' की स्थापना का संकल्प लिया गया।

'हिन्दी क्लब' के अंतर्गत विद्यार्थियों की रचनाशीलता को उपयुक्त मंच प्रदान करने के लिए पत्रिका का प्रकाशन, हिन्दी नाट्य मंचन, लेखक से मुलाकात, साहित्य महोत्सव, हिन्दी लेखन हेतु कार्यशालाओं, हिन्दी प्रयोग हेतु तकनीकी ज्ञान, गैर हिन्दी भाषी विद्यार्थियों के लिए हिन्दी सम्भाषण प्रशिक्षण कार्यक्रम, भारतीय भाषाओं पर केन्द्रित कार्यक्रम एवं कवि संगोष्ठियों इत्यादि का आयोजन किया जायेगा।

**प्रस्तावित कार्यकारिणी :**

**परामर्श मण्डल**

**अध्यक्ष :** प्रो. नीलिमा गुप्ता, माननीया कुलपति महोदया (पदेन)

**सदस्यगण :**
1. प्रो. अम्बिका दत्त शर्मा, अधिष्ठाता, छात्र गतिविधियाँ (पदेन)
2. प्रो. नवीन कानगो, निदेशक, अकादमिक गतिविधियाँ (पदेन)

3. डॉ. रंजन कुमार प्रधान, कुलसचिव (पदेन)

**संयोजक :** डॉ. राकेश सोनी, समन्वयक, सांस्कृतिक परिषद (पदेन)

**नोट :** वर्ष में कम–से–कम दो बैठकें अपेक्षित हैं।

## 'हिन्दी क्लब' कार्यकारी समिति

**अध्यक्ष :** प्रो. आनंदप्रकाश त्रिपाठी, अध्यक्ष, हिन्दी विभाग (पदेन)

**सदस्यगण :**
1. श्री संतोष सोहगौरा (प्रभारी हिन्दी अधिकारी) (पदेन)
2. डॉ. अवधेश तोमर (संगीत विभाग)
3. डॉ. आफरीन खान (राजनीति विज्ञान विभाग)
4. डॉ. नीरज उपाध्याय (रसायन विभाग)
5. डॉ. अभिषेक जैन (स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग)
6. छात्र परिषद प्रतिनिधि– स्नातक एवं स्नातकोत्तर (दो सदस्य) (अधिष्ठाता, छात्र गतिविधियाँ द्वारा नामित)
7. अभिषेक सक्सेना (राजभाषा प्रकोष्ठ)

**सदस्य–सचिव :** डॉ. राकेश सोनी, समन्वयक, सांस्कृतिक परिषद (पदेन)

**नोट :** वर्ष में कम–से–कम 04 बैठकें अपेक्षित हैं। हालाँकि आवश्यकतानुसार बैठक नियोजित की जा सकती है।

**प्रस्तावित मुख्य कार्यक्रम :**

1. **पत्रिका प्रकाशन :** विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए एक वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन प्रस्तावित है। वर्ष 2019 में विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक परिषद द्वारा **'उजास'** पत्रिका का प्रवेशांक प्रकाशित किया गया था जो किन्ही कारणोंसे जारी नहीं रह सका। इस पत्रिका के पुर्नजीवित किया जा सकता है। पत्रिका प्रकाशन प्रक्रिया के विद्यार्थियों को रूबरू कराने के लिए सम्पादक मण्डल में भी विद्यार्थियों को स्थान दिया जाये।

2. **नाट्य मंचन :** विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक परिषद्/ललित एवं प्रदर्शनकारी कला विभाग/संगीत विभाग इत्यादि के सहयोग से विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों, अधिकारियों /कर्मचारियों द्वारा विभिन्न भारतीय भाषाओं के साथ–साथ अंग्रेजी से हिन्दी में अनूदित नाटकों का मंचन किया जा सकता है। इससे विद्यार्थीगण न केवल उत्कृष्ट नाटकों से

परिचित हो सकेंगे बल्कि उन्हें अभिनय एवं नाट्य विधा से संबंधित विभिन्न पक्षों को समझने का अवसर मिलेगा।

3. **हिन्दी सम्भाषण प्रशिक्षण कार्यक्रम :**
हिन्दीतर भाषी विद्यार्थियों को हिन्दी के कार्यसाधक ज्ञान के लिए हिन्दी संभाषण कक्षाओं का संचालन किया जा सकता है। उक्त संभाषण प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिन्दी विभाग का सहयोग लिया जा सकता है।

4. **हिन्दी साहित्य के रचनाकारों पर केन्द्रित कार्यक्रम :**
विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को हिन्दी साहित्य की समृद्ध परम्परा से जोड़ने के लिए हिन्दी के विभिन्न रचनाकारों पर केन्द्रित कार्यक्रमों का आयोजन भी समय–समय पर किया जा सकता है। इन कार्यक्रमों में हिन्दी विभाग का सहयोग लिया जा सकता है।

5. **अन्य कार्यक्रम :** सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से परामर्श मण्डल के निदेशानुसार अन्य कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा सकता है।

**बजटीय प्रबंधन :**

'हिन्दी क्लब' के सुचारू संचालन एवं उपर्युक्त गतिविधियों के आयोजन हेतु बजट का प्रबंधन सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से अधिष्ठाता, छात्र कल्याण गतिविधियाँ कार्यालय/सांस्कृतिक परिषद् को आबंटित बजट में से किया जा सकता है। हालाँकि 'हिन्दी क्लब कार्यकारी समिति' 'हिन्दी क्लब' हेतु सक्षम प्राधिकारी से आवश्यक बजट के लिए अलग से माँग भी कर सकती है।

**आयोजन स्थल :**

'हिन्दी क्लब' की गतिविधियों के आयोजन के लिए यथावश्यक विश्वविद्यालय परिसर स्थित स्वर्ण जयंती सभागार, अभिमंच सभागार, गौर प्रांगण, जवाहरलाल नेहरू पुस्तकालय सभागार या विभिन्न विभागों के परिसर में स्थित सभागारों एवं मुक्ताकाशी मंचों का उपयोग समुचित प्रक्रिया का पालन करते हुए किया जा सकता है।

**उपसंहार :**

माननीय कुलपति महोदया की प्रेरणा एवं सर्वसम्बन्धितों के सहयोग से 'हिन्दी क्लब' निःसंदेह ही विद्यार्थियों के बीच हिन्दी सहित अन्य भारतीय भाषाओं के लिए सकारात्मक वातावरण का निर्माण करेगा बल्कि विभिन्न भारतीय भाषाओं एवं संस्कृतियों को आत्मसात

करते हुए सही मायनों में 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना को साकार करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

*नोट : यह अवधारणा पत्र 'हिन्दी क्लब' की संकल्पना को मूर्तरूप देने की दिशा में एक छोटा–सा प्रयास है। परामर्श मण्डल/कार्यकारी समिति द्वारा अवधारणा पत्र में यथावश्यक संशोधन/विलोपन/परिवर्धन किया जा सकता है।*

03/04/23
(हिन्दी अनुवादक)

3/4/23
(हिन्दी अधिकारी)